प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 87 / 2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 03 जुलाई 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु


**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने आसाम एलएसए के तहत आसाम राज्य में डिब्रूगढ़ और तिनसुकिया जिलों के आस-पास मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया।**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने मई 2026 के महीने के दौरान सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए आसाम एलएसए तहत आसाम राज्य में डिब्रूगढ़ और तिनसुकिया जिलों के आस-पास स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष जारी किए हैं। इस ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSPs) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, भादूविप्रा ने कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट(CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट(CSSR), डाटा डाउनलोड (DL) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) पैरामीटरों के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के निष्पादन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है ताकि टीएसपी अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें।

2. आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के जमीनी मोबाइल नेटवर्क के निष्पादन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव परीक्षण में 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत परीक्षण हैंडसेट का उपयोग किया जाता है, और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके वास्तविक समय में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भादूविप्रा ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से 13 अप्रैल **2026** से 17 अप्रैल **2026** के दौरान आसाम एलएसए के तहत सिटी ड्राइव- 374.5 किमी, हॉटस्पॉट लोकेशंस- 13, वाक टेस्ट- 2.2 किमी पर टेस्ट ड्राइव आयोजित किए। ये टेस्ट भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन ड्राइव टेस्ट के संचालन के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्रों/मार्ग में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के निष्पादन का प्रतिनिधित्व करते हैं।

4. ड्राइव टेस्ट रुप मैप: मानचित्र पर दर्शाए गए संकेतों के अनुसार, निम्नांकित मानचित्र, ड्राइव टेस्ट मार्गों का अवलोकन प्रदान करता है, जो सिटी ड्राइव, इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग, हॉटस्पॉट और वॉक टेस्ट को दर्शाता है:



5. प्रमुख मूल्यांकित मानदंड:

क) कवरेज गैप: नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

ख) वॉयस सर्विसेज : कॉल सैट अप सक्सेज रेट(CSSR), ड्रॉप कॉल रेट(DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (MOS) ।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस इंस्टेंस हुईं।

घ) डाटा सर्विसेज : डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट ।

6. प्रमुख मापदंडों के लिए डिब्रूगढ़ और तिनसुकिया जिलों में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है: -

क) कवरेज गैप- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में सिटी ड्राइव टेस्ट रूट और हाइवे ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान देखी गई सिग्नल की शक्ति, एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब सिग्नल स्ट्रेंथ वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापी गई, **Airtel** के लिए 2760/63534, **BSNL** के लिए 12888/59776, **RJIL** के लिए 4181/59698 और **VIL**. के लिए 12475/62440 थी। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ख) ड्राप्ड काल्स- ड्राप्ड काल्स जिसे सफलतापूर्वक स्थापित कॉल की संख्या में से ड्रॉप कॉल की संख्या के रूप में मापा जाता है, **Airtel** के लिए 1/447, **BSNL** के लिए 144/501, **RJIL** के लिए 2/446 और **VIL** के लिए 11/445 थे। ड्रॉप किए गए कॉल स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस- स्थापित कुल कॉल में से > 3 सेकंड के लिए देखी गई साइलेंस इंस्टेंस की कुल संख्या के रूप में मापी गई कॉल साइलेंस इंस्टेंस **Airtel** के लिए 7/441, **BSNL** के लिए 18/384, **RJIL** के लिए 10/432 और **VIL** के लिए 9/389 थे। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:

i) डाटा डाउनलोड निष्पादन **(समग्र): Airtel** (5G/4G) के लिए औसत डाउनलोड स्पीड 116.52 Mbps, BSNL (4G/2G) के लिए 9.81 Mbps, **RJIL** (5G/4G) के लिए 225.08 Mbps और **VIL** (5G/4G/2G) के लिए 27.27 Mbps देखी गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ii) डाटा अपलोड निष्पादन **(समग्र)**: **Airtel (5G/4G)** के लिए औसत अपलोड स्पीड 26.18 Mbps, **BSNL (4G/2G)** के लिए 5.71 Mbps, **RJIL (5G/4G)** के लिए 16.19 Mbps और **VIL (5G/4G/2G)** के लिए 7.37 Mbps देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ड्राप्ड कॉल और कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान मानचित्र पर लाल बिंदु पर क्लिक करके संलग्न अनुलग्नक में देखे जा सकते हैं।

7. आईडीटी के दौरान ड्राइव टेस्ट मार्ग और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है:

क) **शहर** - सिटी ड्राइव में क्षेत्रों में शामिल थे - डिब्रूगढ़ एयरपोर्ट, डिब्रूजान, बोइरागीमोथ, मारवाड़ी पट्टी, अमोलपट्टी, बोर बरुआ, चरिंग गांव, निज खानीकर गांव, हलागुडी गांव, नाहरकटिया, चलाकाकी नंबर-2, जलोनी नाओहालिया, दुलियाजान नंबर-1, गेलीपुंग, बोरबिल गांव नंबर-2, पवई वन गांव, लेडो, डिगबोई, उल्टापूल, लाजुम गांव नंबर-1, टीपुक टीई 101 एफएस, डूम डूमा, माकुम, तिनसुकिया और मेरेली पत्थर आदि।

ख) **हौटस्पॉट** - हॉट स्पॉट स्थानों में स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को कैप्चर करते हुए शामिल थे - (i) कोल हैरिटेज (ii) डिब्रूगढ़ रेलवे स्टेशन, (iii) डिब्रूगढ़ यूनीवर्सिटी (iv) डिगबोई कॉलेज, डिगबोई, (v) जिला डिस्ट्रिक एंड सैशन जज कोर्ट डिब्रूगढ़, (vi) जिला जूडीशियल कोर्ट बोरगुडी तिनसुकिया, (vii) दुलियाजान कॉलेज-1 नंबर-1 डिब्रूगढ़ कॉलेज (iv) डिब्रूगढ़ कॉलेज (ix) डिब्रूगढ हैड पोस्ट ऑफिस आरकेबी पथ, डिब्रूगढ़, (x) आईओसीएल डिगबोई रिफाइनरी मेन गेट आईओसीएल एओडी प्राइवेट रोड डिगबोई, (xi) टाटा हौस्पीटल एंड रिसर्च सेंटर खैलाबारी बागान गांव, (xii) तिनसुकिया जिला हैड पोस्ट ऑफिस, थाना सदर पुलिस स्टेशन तिनसुकिया के सामने, (xiii) तिनसुकिया मेडिकल कॉलेज एंड हौस्पीटल लुहारी बोंगाली गांव।

ग) **वॉक टेस्ट** - 13 से 16 अप्रैल 2026 के दौरान किए गए वॉक टेस्ट में शामिल थे - (i) असम मेडिकल कॉलेज एंड हौस्पीटल डिब्रूगढ़, (ii) न्यू तिनसुकिया जंक्शन रेलवे स्टेशन तिनसुकिया, (iii) तिनसुकिया सिविल हौस्पीटल सेक्टर-1 बोरदोलोई नगर तिनसुकिया आदि जिनमें कि भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क व्यवहार को कैप्चर किया गया।

8. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रेषित किया जा चुका है। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध करवाई गई है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए adv.kolkata@trai.gov.in पर मेल भेजा जा सकता है या भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता से दूरभाष सं *91-33-22361401* पर संपर्क किया जा सकता है।

कौ. शिक

(कौशिक मुखर्जी)

सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का. कोलकाता


**1.** डिब्रूगढ़ और तिनसुकिया जिलों में (सिटी ड्राइव)


क) कवरेज गैप – वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड(5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:


| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 63534 | 59776 | 59698 | 62440 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 2760 | 12888 | 4181 | 12475 |
| सीमित सेवा (बिना कवरेज) वाले नमूनों की संख्या | 147 | 1142 | 152 | 387 |


नोट: सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए 110 dBm, 3G के लिए 90 dBm और 2G के लिए 85 dBm से नीचे आती है।

देखा गया कवरेज गैप










नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है ।

ख) ड्राप्ड काल्स - ऑटो-सिलेक्शन मोड(5G/4G/3G/2G) में ड्राप्ड कॉल का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| **स्थापित सफल कॉल की संख्या** | 447 | 501 | 446 | 445 |
| ड्राप्ड **कॉल की संख्या** | 1 | 144 | 2 | 11 |

ड्राप्ड काल्स स्थान





**नोट: ड्रॉप्ड कॉल स्थानों को लाल रंग में दिखाया** गया **है** जिसे **क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर)** का **पता लगाया जा सकता है** ।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस - ऑटो-सिलेक्शन मोड (**5G/4G**) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित कॉलों की संख्या (सेवा प्रदाता नेटवर्क के भीतर) | 441 | 384 | 432 | 389 |
| कॉल साईलेंस संख्या > 3 सेकंड के लिए | 7 | 18 | 10 | 9 |
| >3 सेकंड के लिए कॉल साईलेंस इंस्टेंसेस की कुल संख्या | 9 | 20 | 12 | 10 |

कॉल साईलेंस इंस्टेंस के स्थान






नोट: कॉल साइलेंस इंस्टेंस को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है ।


घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट: ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लए घो षत व शष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के मुकाबले औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार ववरण नीचे दिया गया है:


**(i)** डाउनलोड थ्रूपुट

| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 4.02 | 5.20 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 116.52 | 9.81 | 225.08 | 27.27 |












नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


**(ii) अपलोड थ्रूपुट**

| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 2.76 | 3.00 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 26.18 | 5.71 | 16.19 | 7.37 |






नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।